**आपदा** — गर्राघाट में नदी का पुल के ऊपर से बहा पानी, आवागमन हुआ प्रभावित, अलर्ट मोड पर आपदा प्रबंधन की टीम

# बारिश से उफान पर जिले की नदियां, गांव में भरा बाढ़ का पानी




**नवभारत, ढीमरखेड़ा/उमरियापान।** जिले के ढीमरखेड़ा क्षेत्र से निकलने वाली नदियों में बाढ़ आ गई है। लगातार हुई मसूलाधार बारिश से ढीमरखेड़ा तहसील के बेलकुंड, मोरी, हिरन और सुआ नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बारिश के कारण क्षेत्र का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आपदा प्रबंधन की टीम जनहानि रोकने के लिए एलर्ट मोड पर है। वहीं नदियों का जलस्तर पर बढ़ने और पुल के ऊपर पानी बहने से कुछ इलाकों को संपर्क भी कट गया है। बेलकुंड नदी में उफान के कारण गर्राघाट पुल के ऊपर से पानी बहने लगा है, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से लोगों को पुल पार नहीं करने की चेतावनी दी है। बावजूद इसके कई लोग जान जोखिम में डालकर पुल पार करते हुए जानलेवा लापरवाही कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों के ने बताया कि बेलकुंड नदी का पानी गर्राघाट पुल के ऊपर बहने लगा है, जिसके कारण आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है। बारिश के कारण क्षेत्र की नदियां उफान पर है, ढीमरखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायत में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, बाढ़ का पानी गांव तक जा पहुंचा है। क्षेत्र के निचले इलाकों में सड़कों पर भी पानी भर गया और पानी घरों में घुसा है। बाढ़ से किसी भी अनहोनी के मद्देनजर जिला प्रशासन ने आपदा प्रबंधन की टीमों को एलर्ट मोड पर रखा है। पुलिस प्रशासन लगातार ग्रामीणों को नदी पुल पर पानी होने की स्थिति में आवागमन नहीं करने की हिदायत दे रहा है। ग्रामीणों का बाढ़ के मद्देनजर सतर्क रहने के लिए कहा गया है। जिला प्रशासन की टीम ने नदी के पास रहने वाले ग्रामीणों को सावधान रहने के लिए कहा है, साथ ही यह भी कहा है कि नदी का जलस्तर बढ़ने की स्थिति में वे सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा है। साथ ही सरकारी भवनों में ग्रामीणों के ठहरने के लिए व्यवस्था बनाई गई है। लगातार बारिश के मद्देनजर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा नागरिकों से आंधी, बिजली और बारिश के दौरान सावधानी बरतने की अपील की गई है। अगले 24 घंटों में कटनी जिले में बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।आंधी, तेज हवाएं, बिजली कड़कने और बारिश में सावधानी अपनाएं। खिड़की दरवाजे बंद रखकर सुरक्षित जगह पर रहें। बिजली के उपकरणों से दूरी बनाकर रखें और जरूरी खाद्य सामग्री तैयार रखें। स्थानीय समाचार चैनल या अन्य माध्यम से जानकारी लेते रहें और बाहर जाने से बचें ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।साथ ही बारिश में पूरी सावधानी बरतें। कलेक्टर ने नागरिकों से बारिश के दौरान सुरक्षित जगह पर ही रहने के लिए कहा है। पुल-पुलियों रपटो पर पानी होने पर उन्हें पैदल या वाहन से पार नहीं करें।



## पारदर्शिता के साथ करें पुलिसिंग

**नवभारत कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा कुठला थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों का संधारण, हवालात, मालखाना, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष सहित समस्त व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने मामलों के जल्द और निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिए। एसपी ने विश्वकर्मा ने पुलिस बल के अधिकारियों और कर्मचारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और टीम को अनुशासन, संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है ताकि आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो।

### एक नजर में



## छात्रावासों में मिलेगी मेस संचालन की सुविधा

**नवभारत, कटनी।** जिले में संचालित छात्रावासों में मैस की सुविधा नहीं होने को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के सभापति अशोक विश्वकर्मा द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। पिछले दिनों पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के निरीक्षण के दौरान छात्राओं ने भी जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा से मैस की सुविधा नहीं होने की वजह से परेशानियों से अवगत कराया था। जिसको गंभीरता से लेते हुए श्री विश्वकर्मा द्वारा छात्राओं की परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विभागीय मंत्री के साथ ही जिले के प्रभारी मंत्री को भी छात्राओं की परेशानी से अवगत कराया था। श्री विश्वकर्मा के प्रयासों को सफलता मिली है। विगत दिवस मध्यप्रदेश मंत्रीमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के विभागीय छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों के लिए मेस संचालन की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा इसके लिए 31 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा राशि स्वीकृत किए जाने के बाद अब पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के विभागीय छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों न सिर्फ मेस संचालन की सुविधा मिलेगी, वरन उन्हें परेशानियों से भी निजात मिलेगा, जिससे अब वे अपना समय अध्ययन में केन्द्रित कर पाएंगे। जिस पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के सभापति अशोक विश्वकर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार जताया है।

## अभियान चलाकर की जा रही साफ-सफाई

**नवभारत, कटनी।** बारिश के मौसम के मद्देनजर सार्वजनिक मार्गो सहित बस्तियों में जलभराव की समस्या के समाधान के नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नाले नालियों के सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नाले-नालों की सफाई का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। साथ ही पानी भराव वाले स्थलों को चिन्हित कर कच्ची नाली बनाकर जल निकासी के प्रयास किए जा रहे है। बारिश के पानी की निकासी के लिए रचना नगर, तिलक राष्ट्रीय स्कूल सहित जलभराव वाले क्षेत्रों में जेसीबी माध्यम से सफाई की गई। मुहर्रम पर्व के मद्देनजर नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर स्वास्थ अमले द्वारा विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। रैन बसेरा पिरसर, मुक्तिधाम परिसर, डन कॉलोनी के सामने माधवनगर मार्ग सहित डिवाइडर, पहरूआ शासकीय स्कूल परिसर सहित विभिन्न वार्डो के मुख्य और अन्य मार्गो में साफ-सफाई का कार्य किया गया है। नगर निगम अधिकारियों द्वारा साफ-सफाई कार्य की निगरानी भी की जा रही है, ताकि कार्य में लापरवाही नहीं की जाए।

## सड़क पर मलबे से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**सिलौंडी क्षेत्र के नैगई मार्ग पर मलबे से बढ़ी परेशानी**



**नवभारत उमरियापान।** जिले के सिलौंडी क्षेत्र में ग्राम नेगई मार्ग में मलबे से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। सिंलौडी से नेगई मार्ग में नदी के ऊपर बरसात में पानी आ जाने से रोड के ऊपर भारी मात्रा में मलवा का जमाव होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को अपनी प्रतिदिन की आवशयक सामग्री लेने मैन मार्केट सिंलौडी ही जाना पड़ता है, ऐसे में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम नेगई में रपटा पुल के ऊपर भारी मात्रा में मलवा जम जाता है जिससे की कई गांव के लोगों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से उम्मीद लगाई है कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराया जाए। शिवा नामदेव ब्लाक उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस आशीष ठाकुर, सूरज राजभर मोहित विजय सहित अन्य ग्रामीणों ने मिलकर मलवे को रोड से हटाने का काम किया। ताकि आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करनना पड़े।

### बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में शुक्रवार सुबह से लगातार हो रही बारिश के चलते क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है । लगातार बारिश से क्षेत्र के कई गांव जलमग्न हो गए हैं । पानी घरों और दुकानों में भर गया है, जिससे के कारण जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। नदी नाले उफान पर जिससे आवागमन बाधित हो गया है । इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और क्षेत्र में आर्थिक क्षति भी हुई है। बेलकुंड नदी, मोरी, दतला, हिरण, लभेर, सुआ नदी का जलस्तर बढ़ गया। हालांकि बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

प्रशासन ने लोगों से नदी नालों के नजदीक नहीं जाने और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से आवश्यक सावधानी बरतने के लिए कहा है। जिला प्रशासन और पुलिस लगातार निगरानी रखे हुए हैं। हर स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। राहत और बचाव कार्यों की तैयारी की की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मदद पहुंचाई जा सके।

## 400 दिनों तक प्रज्जवलित रहेगी अखंड ज्योति

**नवभारत कटनी।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव 8 जुलाई से 17 अगस्त 25 तक पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत कटनी के सानिध्य में श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव समिति द्वारा स्थानिय गुरुनानक वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में बड़े ही भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि गत दिवस झूलेलाल मंदिर मैं एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मैं तिलोक चंद भोजवानी, कमलचंद मेंघानी, राजकुमार चेलानी, हरीश बहलानी, अमर चेतवानी, नेवंद खूबचंदानी, महेश बहलानी, सुरेश गांधी,लखमीचंद भाटिया ,वीरेंद्र लालवानी, अशोक हासानी, मेंघराज खूबचंदानी, कन्हिया सचदेवा, पंडित जुगल किशोर पांडेय, सहित अन्य उपस्तिथ रहे। 40 दिवसीय चालिहा महोत्सव का भव्य शुभारंभ दिनांक 8 जुलाई को सुबह 10 गणमान्य नागरिको और श्रृद्धालुओ की उपस्थिति में 40 दिवसीय चालिहा महोत्सव के वृतो की शुरुआत होगी।

## स्थापना दिवस पर युवाओं ने किया रक्तदान



**वैश्य महासम्मेलन ने जिला अस्पताल में लगाया शिविर**

**नवभारत कटनी।** जिला अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला युवा इकाई द्वारा रविवार को शासकीय जिला अस्पताल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक श्री गहाई रक्तवीर ग्रुप के माध्यम से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 22 ने किया रक्तदान 19 यूनिट ब्लैड बैंक जिला अस्पताल में जमा और 3 यूनिट एक्चेंज तत्काल मरीजों को उपलब्ध कराया गया। आईवीएफ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यह रक्तदान शिवर का आयोजन और आईवीएफ सदस्यता अभियान द्वारा रक्तदान महादान के महत्व बताया गया। सभी हर तीन महीने में रक्तदान कर सकते है। यह भी बताया गया कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। इससे जहां हम किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में सहायता करते हैं, वही नियमित रक्तदान करने से रक्त की सफाई हो जाती हैं, वहीं हमारी कई बीमारियों भी ठीक हो जाती है। इस दौरान सभी सभी युवाओं से रक्तदान शिविर में बढ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए कहा गया। इस अवसर पर मुकेश चंदेरिया, महिला इकाई से आकांक्षा बरसैंया, शिल्पा जैन, युवा जिला अध्यक्ष अजय मसूरहा, पंकज सोनो, अर्पित जैन, सुमित चौदहा, वैवभ सोनी, मोहित बेहरे, सत्यम सोनी, अमन दादरहा, दीपक लहरिया, शेखर महतेले, होशंग बेहरे, मयंक त्रिसोलिया, लव पहरीया, पारस बिचपुरिया, स्पनेश नगरिया, शानू नगरिया, दिलीप सोनी, अमित जार, शिवा निषाद, मौसम ताम्रकार, साकेत चौरसिया और हॉस्पिटालिटी स्टाफ का पूरा सहयोग से कार्यक्रम को सफलता से पूरा किया गया।

## सफाई कर बजरंग दल ने किया पौधा रोपण



**विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने मनाया सेवा सप्ताह**

**नवभारत उमरियापान।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड उमरियापान ने शनिवार को भनपुरा के मंदिरों में साफ़ सफाई कर सेवा सप्ताह मनाया। स्वच्छता अभियान के साथ ही पौधरोपण किया। प्रखंड अधिकारी कान्हा सोनी ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए स्वच्छता और हरियाली जरूरी है, समाज के सभी लोगों को पौधरोपण और अन्य सेवा कार्य करना चाहिए, इससे एक-दूसरे से समन्वय बना रहता है। उन्होने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के तहत किया जाने वाला कार्य हमेशा सरहाना लायक रहता है। विश्व हिंदू परिषद ऐसे कार्य समाज के बीच में करता रहता है । समाज का हर व्यक्ति विहिप और बजरंग दल के कार्यों से प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अभी पूरे देश भर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा जुलाई के पहले सप्ताह को सेवा सप्ताह के तौर पर मनाने का निर्णय लेकर जो कार्य किए जा रहे हैं, इससे समाज के साथ-साथ देश को भी मजबूती मिल रही है । इसके साथ ही इन कार्यों से पर्यावरण भी संरक्षित होगा । कार्यक्रम में प्रखंड अधिकारी कान्हा सोनी, ललित काछी, अमित दाहिया, शनि दाहिया, अभिषेक यादव, भनपुरा खंड से अंकित पटेल, संगम रजक,पारस यादव, सूरज ठाकुर, साहिल यादव, पारस यादव, अंशुल गुप्ता, निखिल गुप्ता कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## गोवा में मिली बाकल क्षेत्र से लापता हुई युवती

**नवभारत बाकल।** पुलिस अधीक्षक आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और स्लीमनाबाद एसडीओपी के निर्देशन में गुम बालक बालिका की दस्तयाबी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बाकल थाना पुलिस ने क्षेत्र से लापता हुए एक युवती को खोज निकाला है। युवती गोवा में मिली है, जहां से उसे वापस लाकर परिजनों को सौंपा है। पुलिस ने बताया कि बाकल थाना क्षेत्र निवासी एक युवक द्वारा सूचना दी गई थी कि उनकी बेटी बगैर बताए घर से लापता हो गई है। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। तकनीकी और मानवीय स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर बाकल थाना पुलिस टीम ने गुमशुदा को 5 जुलाई 2025 को गोवा राज्य से दस्तयाब कर लिया। युवती को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। लापता हुई बेटी के मिलने से परिजनों में खुशी का महौल है। कार्रवाई में बाकल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रतीक्षा सिंह चंदेल, प्रधान आरक्षक जोगेन्द्र तिवारी, आरक्षक बुद्धू कुमार, महिला आरक्षक रक्षा साहू की की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई एसपी के निर्देश पर की गई है।




**धर्मलोक हॉस्पिटल**
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

**डॉ. राजेश बत्रा**
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।



**डॉ. हर्षा बत्रा**
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

-ओपीडी- सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
**आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा**
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com

क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।



Dr.V.B.Khare

**क्योर जोन**
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र

**डॉ. व्ही. बी. खरे**
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)

**डॉ. अनुभा खरे**
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)

चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।

मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111


## पगड़ी रस्म



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि **श्री अजय कुमार गेई** जी का स्वर्गवास हो गया है, जिनकी पगड़ी रस्म दिनांक 07 जुलाई 2025 दिन सोमवार शाम 5:30 बजे से 6:00 बजे , स्थान कुंदन दास हायर सेकेंड्री स्कूल शांति नगर कटनी में रखी गई है

नोट: महिलाओं की बैठक निज निवास स्थान माधव नगर गेट के पास रखी गई है

**शोकाकुल**

दर्शनलाल गेई (पिता) , मनीष गेई (भाई)
ईशान , योग (पुत्र) , अरिंदम (भतीजा)
जयरामदास , शिवनलाल , गंगाराम (चाचा)
बलराम , वासदेव , दिवान, खियल, महेश , ईश्वर (भाई)

**फर्म**

अजय फूड प्रोडक्ट्स कटनी प्रा.लि
होटल अरिंदम , कटनी
9425154108